आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com


# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 320 | छतरपुर, शुक्रवार 21 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए किया अनुरोध

### जल-गंगा अभियान और सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम सहित प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी



भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उनके निवास 7, लोक कल्याण मार्ग में सौजन्य भेंट कर तीसरे कार्यकाल की बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गठित नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही दो प्रमुख नदी-जोड़ो परियोजनाओं, केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की वर्तमान जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना भूमिपूजन के लिए तैयार है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल-गंगा अभियान से प्रदेश के कुएं, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर जनजागृति का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश की जनता का इस अभियान के प्रति उत्साह देखकर इस अभियान की समय-सीमा को 30 जून तक बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदेश में चल रहे सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के नेतृत्व में डिंडोरी जिले में विश्व सिकल सेल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार रक्त विकार की इस गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही जनजागरूकता से मरीजों के सदैव सहयोग के लिये भी दृढ़ संकल्पित है।

## गाय ढूंढने जंगल गए वृद्ध पर भालुओं ने किया हमला ,जिला चिकित्सालय रैफर





**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर/ बिजावर वन परिक्षेत्र के ग्राम डिलारी क्षेत्र के मोनासैया के जंगल में एक 65 वर्षीय वृद्ध रामचरण यादव पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया। बताते चलें कि यह वृद्ध सुबह लगभग पांच बजे अपनी गाय को जंगल में ढूंढ रहा था तभी मोनासैया जंगल में एक मादा भालू जो कि अपने साथ बच्चे के साथ जंगल में विचरण कर रही थी ?तभी बुजुर्ग को देख भालू ने हमला कर घायल कर दिया। हमले के वक्त बुजुर्ग के चिल्लाने पर भालू का बच्चा भाग गया और मादा भालू अपने बच्चे के पीछे भाग गया। और बुजुर्ग की जान बच गई। इस भालू के हमले में वृद्ध का हाथ घायल हुआ है। जिसे परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर लाया गया है। जैसे ही इस भालू के हमले की सूचना मिलते ही जागरूक डिप्टी रेंजर प्रीतम सिंह अस्पताल पहुंचे और घायल किसान का प्राथमिक इलाज कराया जिसे डॉक्टर ने जिला चिकित्सालय रैफर किया।

## एनएचएआई के जीएम सहित 7 को सीबीआई कोर्ट ने भेजा जेल

छतरपुर। पिछले दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के डायरेक्टर पुरुषोत्तम लाल चौधरी सहित 7 अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई द्वारा पकड़ा गया था। सीबीआई के स्पेशल कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका रद्द कर 2 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि एनएचआई के जीएम पीएल (पुरुषोत्तम लाल) चौधरी पर खजुराहो-झांसी फोरलेन प्रोजेक्ट के फाइनल बिल और एनओसी जारी करने के बदले 10 लाख की रिश्वत लेने के आरोप थे। उनके द्वारा किए गए इस भ्रष्टाचार में विभाग के कंसलटेंट शरद प्रकाश वर्मा, पीएनसी इंफ्राटेक के कर्मचारी बृजेश मिश्रा, शुभम जैन, अनिल जैन, सत्यनारायण अंगुलरी और प्रेम कुमार सिन्हा भी शामिल थे, जिन्हें सीबीआई द्वारा पिछले दिनों छतरपुर से गिरफ्तार किया गया था। उक्त सभी को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश किया था, जहां 20 जून को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई थी। सुनवाई में कोर्ट ने सभी आरोपियों को 2 जुलाई तक के लिए जेल अभिरक्षा में भेजा है।

## समाजसेवियों की मदद से होगा गरीब बेटी का विवाह

### भावुक पिता ने सहयोगियों का जताया आभार

छतरपुर। जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव आगे रहने वाले छतरपुर शहर के लोगों ने एक बार फिर गरीब परिवार की बेटी का विवाह संपन्न कराने के लिए आगे आए हैं। दरअसल दो दिन पहले एक पत्रकार ने सोशल मीडिया के माध्यम से बेटी के विवाह में सहयोग करने का आवाहन शहरवासियों से किया था, जिसके बाद देखते ही देखते काफी पैसे एकत्रित हो गए। एकत्रित की गई राशि बीते रोज लड़की के पिता को सौंपकर हर संभव सहयोग का भरोसा दिया गया, जिसके पिता ने भावुक होकर सहयोगियों का आभार जताया है।



पत्रकार राधेश्याम सोनी ने बताया कि बड़ामलहरा क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले किसान परिवार की बेटी का विवाह होना था। चूंकि उसकी फसल मौसम के कारण नष्ट हो गई थी इसलिए पैसों की कमी हो गई। विवाह करने के लिए परिवार को 25 हजार रुपए की आवश्यकता थी। जब यह जानकारी श्री सोनी को मिली तो उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से मदद का आवाहन किया। उनकी अपील पर शहर के कई समाजसेवियों, व्यापारियों और पत्रकारों ने बढ़चढ़कर सहयोग किया। कुछ ही समय में 32 हजार 900 रुपए की रकम एकत्रित हो गई, जिसके बाद बीती शाम लड़की के पिता को छतरपुर बुलाकर पत्रकार अंकुर यादव, शिवेंद्र शुक्ला, विनोद मिश्रा के समक्ष उक्त सौंप दी गई। साथ ही 5000 रुपए बेटी के खर्च के लिए अलग से दिये गए। इस मदद से बेटी का पिता भावुक हो गए और उन्होंन सभी का आभार जताया।

***इन्होंने की मदद***


इस पुनीत कार्य में रवि प्रताप सिंह गब्बर 5100, राधेश्याम सोनी 5000, विनय चौरसिया 2000, डॉ सुभाष चौबे 2100, डॉ कपिल खुराना 1500, लालू लालवानी 1100, राजन पाठक भोपाल 1100, महेश अवस्थी 1100, दीपेंद्र गुप्ता 1100, पप्पू गुप्ता 1000, माही सोनी 1100, गिरजा पाटकर 1100, नीरज सोनी 1100, आशीष सोनी भोपाल 1100, दीपक साधना सोनी मऊरानीपुर वाले 1100, डॉ स्वतंत्र शर्मा 1100 के अलावा पत्रकार अंकुर यादव, विनोद मिश्रा, प्रशांत गुप्ता, सतेंद्र सिंह, रजनी राजा परमार, अंशु सिंह, मनोज सोनी, निखिल जैन, शिवम अग्रवाल, राजीव दमेले और मयंक खरे ने 5-5 सौ रुपए की सहयोग राशि प्रदान की।

## संपादकीय

# नशे पर नश्तर

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि जिन रक्षकों के भरोसे सरकार नशा तस्करों से दो-दो हाथ करती रही है, उनमें से कुछ लोग नशे के धंधे को सींचने पर लगे रहे हैं। यह सरकार ही नहीं पुलिस विभाग के लिये भी दुखद स्थिति है कि बाड़ ही खेत को खाने लगी है। सही मायनों में यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि चंद रुपयों के लालच में कुछ खाकी वर्दीधारियों के हाथों में नशे के काले कारोबार की कालिख लगी हुई है। यह संकट कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हजारों पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर करने पड़े हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान को कहना पड़ा है कि विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर वर्षों से जमे हुए करीब दस हजार पुलिस मुलाजिमों के तबादले किये गए हैं। जाहिर, इतने बड़े पैमाने पर तबादले करने का कोई ठोस तार्किक आधार ही होगा। कई डिवीजनों में लंबे समय से जमे मुलाजिम नशा तस्करों के मददगार बने हुए थे। विगत में कई राजनेताओं पर भी नशे के कारोबार में हिस्सेदारी के आरोप लगे थे। जाहिर है, ऐसे प्रभावशाली नेताओं ने लाभदायक स्थानों पर अपनी सुविधा के पुलिस मुलाजिम तैनात किये होंगे। साफ-सी बात है कि बिना राजनेताओं व पुलिसिया मदद के नशे के बड़े तस्कर ज्यादा दिन टिक नहीं सकते। जैसा कि भगवंत मान कह भी रहे हैं कि पंजाब में नशीले पदार्थ पैदा नहीं होते। यह नशा अन्य राज्यों से तस्करों द्वारा पंजाब भेजा जाता है। विगत में भी ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की खेप पाकिस्तान से लायी जा रही थी। सीमा सुरक्षा बलों की चौकसी से उसे बार-बार बरामद किया जा सका है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों से भी ड्रोन सीमा पार नशे की खेप लेने के लिये भेजे जाते रहे हैं। ऐसे में पुलिस विभाग में कार्यरत काली भेड़ों के खिलाफ कार्रवाई व मुलाजिमों के तबादलों से निश्चित रूप से नशे के तस्करों पर नकेल कसी जा सकेगी। मान सरकार ने चेताया है कि नशे की तस्करी में शामिल पुलिसकर्मी बर्खास्त होंगे। साथ ही नशा तस्करों की संपत्ति भी तत्काल जब्त होगी। दुखद ही है कि पंजाब आज नशे के अंधाधुंध कारोबार से पतनशील स्थिति की ओर अग्रसर है। इसे रोकने के लिये सरकार की सख्ती और पुलिसकर्मियों की ईमानदारी अपरिहार्य शर्त है। आये दिन पंजाब के विभिन्न भागों से नशे की ओवरडोज से युवाओं के मरने की खबरें आती हैं। उनके रोते-बिलखते परिवारों के दर्द को मान सरकार ने महसूस किया है। इस बड़ी लड़ाई से मुकाबले के लिये आप सरकार ने राज्य पुलिस में दस हजार नई भर्ती करने की भी घोषणा की है। निश्चित रूप से इन नियुक्तियों से जहां पुलिस बल को नशे के तस्करों से लड़ने के लिये नई ताकत मिलेगी, वहीं दस हजार युवाओं के परिवारों में नौकरी लगने से खुशियां आएंगी। बेहतर रोजगार स्थिति में आने के कारण कई युवा नशे की राह चुनने से बच सकेंगे। निश्चित रूप से पंजाब पर कसता नशे का शिकंजा एक गंभीर चुनौती है। सरकार को व्यापक अध्ययन करके उन परिस्थितियों का पता लगाना चाहिए, जिनकी वजह से युवा नशे की दलदल में धंस रहे हैं। राज्य में सरकार, प्रशासन और नागरिक स्तर पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। उन लोगों की पहचान गोपनीय रखनी चाहिए, जो नशा तस्करों के खिलाफ सूचना पुलिस को देते हैं। यदि विभाग के लोग नशा तस्करों से सांठगांठ के चलते गोपनीय सूचनाएं लीक करेंगे, तो सूचना देने वालों का जीवन भी संकट में पड़ सकता है। इसके अलावा पहले से नशे की लत के शिकार युवाओं को इस दलदल से निकालने तथा उनके पुनर्वास की दिशा में भी गंभीर कोशिश वक्त की जरूरत है। मान सरकार की नशा उन्मूलन की सार्थक पहल व तस्करों के खिलाफ सख्ती एक दिन रंग लाएगी। इसके अलावा सरकार को राज्य में रोजगार के नये अवसर सृजित करने को प्राथमिकता बनाना होगा। साथ ही पंजाब में खेलों को बढ़ावा देना होगा ताकि युवा नशे से दूर रहकर अपना व परिवार का भविष्य संवार सकें। इसके अलावा निकटवर्ती राज्यों की मदद से सीमा पर सख्ताई करके नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने की भी कोशिश हो।

# एन0सी0सी0 कैडेट्स ने ली जीवन में योग अपनाने और प्रोत्साहित करने की शपथ




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा विश्व योग दिवस सप्ताह% के अंतर्गत चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज, मथुरा के एन0सी0सी0 कैडेट्स ने विद्यालय प्रांगण में जीवन में योग अपनाने और दूसरों को योग के प्रति प्रोत्साहित करने की शपथ /प्रतिज्ञा ली।

20 जून गुरुवार को मथुरा महानगर के चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज में विश्व योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर राकेश कुमार माहेश्वरी ने कॉलेज के एन0सी0सी0 कैडेट्स को अपने जीवन में योग को अपनाने और दूसरों को भी योग के प्रति प्रोत्साहित करने की शपथ/ प्रतिज्ञा दिलाई ।साथ ही योग के विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि योग शरीर को अधिक से अधिक सक्रिय और लचीला बनाता है तथा रोग प्रतिरोधी क्षमता को मजबूत कर सामान्य बीमारियों से बचाव करता है।

एन0सी0सी0 अधिकारी कैप्टन नूतन कुमार ने बताया कि सूर्य नमस्कार मेडिटेशन और योगासन से बच्चों का मन शांत रहता है और वह तनाव तथा डिप्रेशन जैसी समस्याओं से बचे रहते हैं एवं उनमें सकारात्मक सोच विकसित होती है।

विद्यालय के प्रवक्ता श्री श्याम बाबू अग्रवाल ने योग पूर्व बच्चों द्वारा बरते जाने वाली सावधानियां के बारे में बताते हुए कहा कि योगासन से पहले पेट खाली हो, शुरुआत से ही सारे आसान एक साथ न करें धीरे-धीरे अभ्यास करें और योग के दौरान बीच-बीच में रिलैक्स करने के लिए श्वसन अवश्य करें। इस अवसर पर विद्यालय के लिपिक सत्यवान, मोनू शर्मा, राधा कृष्ण शर्मा, कन्हैया लाल आदि उपस्थित थे।

# शासकीय हाई स्कूल बारों में मनाया गया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

## प्रवेश उत्सव के तीसरे और अंतिम दिन भी हुए कार्यक्रम आयोजित





**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव तीसरे और अंतिम दिन भी शासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।वहीं इसी क्रम में तहसील घुवारा के शासकीय हाई स्कूल बारों में भी तीसरे और अंतिम दिन पूर्ण उत्साह पूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ ।तीन दिन चले इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 2024 का शुभारंभ स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार और शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार पहले दिन 18 जून से किया गया। जिसमें पहले दिन 18 जून को स्कूल प्रबंधन के द्वारा आमंत्रित ग्राम के सरपंच नन्हे भाई राय, संस्था के प्राचार्य संजय खरे, ग्राम रोजगार सहायक राम प्रसाद प्रजापति एवं अभिभावकों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को संस्था के स्टाफ के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तो वहीं दूसरे दिन 19 जून को शेष छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कर अभिभावकों को संस्था की शैक्षणिक गतिविधियों, शैक्षिक कैलेंडर, शाला में मौजूद संसाधनों की जानकारी दी गई ।वहीं इस मौके मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का अभिभावकों के नाम पत्र का वितरित किए गए। प्रवेश उत्सव के तीसरे और अंतिम दिन 20 जून को ग्राम के उप सरपंच भूपेंद्र सिंह मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में संलग्न व्यक्तियों से भेंट कराई गई। तो वहीं इस तीन दिन चले प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक जी.सिंह माध्यमिक शिक्षक परशुराम सिंह राजपूत, प्रीति अहिरवार एवं सुरेश कुमार प्रजापति कम्प्यूटर आपरेटर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

# क्लस्टर स्तर पर सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय पंचों का प्रशिक्षण




परिहार गर्जना न्यूज बिजावर/ जनपद पंचायत विजावर के आदेशानुसार ग्राम पंचायत की सभी पंचों को क्लस्टर स्तर पर मूलभूत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया इसी क्रम में ग्राम पनागर के क्लस्टर अन्तर्गत पिपट,पनागर और नयागांव ग्राम पंचायतों के पंचों को क्लस्टर सेंटर पनागर की ग्राम पंचायत में सरपंच प्रकाशचंद चौरसिया और पिपट सरपंच प्रतिनिधि भागचंद चौरसिया ने सभी पंचों को तिलक लगाकर स्वागत किया और डायरी पेन बेग और एक पुस्तक भेंट कर सभी पंचों को सभाकक्ष में बैठाया और प्रशिक्षण प्रभारी सचिव जाहर सिंह,और सचिव गिरीश शर्मा ने पंचों को पंचायत संवंधी सभी जानकारियां दी गई साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया गया पंचों के लिए ठंडा पानी,चाय बिस्किट के अलावा दोपहर में पूड़ी सब्जी की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा की गई ।इसी क्रम में ग्राम पंचायत गुलाट में सचिव जयप्रकाश नायक खैराकला में चंदन ,जागेश्वर राजपूत, लखनगुवा में सचिव बसंत सिंह,अशोक सेन गोपालपुरा में सचिव हरबल सिंह,मदन रैकवार और नयाताल में सचिव मंगल सिंह,मनोज विष्वकर्मा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# राईपुरा घाटी पर पहाड़ी से टकराया ट्रक



छतरपुर। किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राईपुरा घाटी में एक अनियंत्रित ट्रक पहाड़ी से टकरा गया गनीमत रही कि इस हादसे में ट्रक की क्षतिग्रस्त हुआ है किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# 21 जून विश्व योगा दिवस पर खजुराहो में आयोजित होगा बृहद योग कार्यक्रम

**-पश्चिम मंदिर समूह परिसर में प्रातः 6 बजे से होगा योग कार्यक्रम**
**-वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के आतिथ्य में सम्पन्न होगा कार्यक्रम**
**-कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए तैयारियों और व्यवस्थाओं के निर्देश**

छतरपुर, 20 जून। 10वां विश्व योगा दिवस पर विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में 21 जून को प्रातः 6 बजे से प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के आतिथ्य में बृहद सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विश्व योगा दिवस पर पश्चिमी मंदिर समूह में कंदारिया महादेव मंदिर परिसर में बृहद योगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लगभग एक साथ 1 हजार 500 से अधिक लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने योग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं और तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# मुख्यमंत्री द्वारा सागर संभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का अधिकारी अक्षरशः पालन करें

**-मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गरीब वर्ग की समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए**
**-अधिकारी-कर्मचारी शालीन व्यवहार रखें, शिकायत नहीं मिलनी चाहिए**
**-सागर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा द्वारा संभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा सागर संभाग की विगत 20 जनवरी को समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुई कार्यवाही की आज संभाग के प्रभारी एवं अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा द्वारा जिलेवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संभागायुक्त डा. वीरेन्द्र सिंह रावत, आईजी सागर जोन प्रमोद वर्मा, डीआईजी सुनील कुमार जैन, सागर जिला कलेक्टर श्री दीपक आर्य सहित अन्य जिलों के कलेक्टर, एसपी एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद थे।

एसएन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सागर में 20 जनवरी को जो निर्देश विभागों एवं जिलों को दिए थे, उनका अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों का मात्र सतही पालन न हो बल्कि धरातल पर जाकर उसका निराकरण करें। योजनाओं के वास्तविक हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण भी समय पर किया जाए। एसएन मिश्रा ने कहा कि जो विषय मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक में आये थे, उनका निराकरण समय-सीमा में होना चाहिए। प्रकरणों को लंबित न रखे बल्कि उचित स्तर पर उसका निराकरण भी करवाएं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप गरीब वर्ग के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उनकी समस्याओं का निराकरण भी तत्काल हो। मुख्यमंत्री ने ध्वनि विस्तारक उपकरणों पर रोकथाम और मांस-मछली की अवैध दुकानों के संबंध में जो निर्देश दिए है, उनका सख्ती से पालन किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा पिछली समीक्षा बैठक में अवैध शराब की बिक्री और जुआ सटटा की रोकथाम के जो निर्देश पुलिस को दिए थे, उसका भी पालन गंभीरता से किया जाए। आगामी बारिश को ध्यान में रखकर बाढ़ नियंत्रण के संबंध में अभी से कार्यवाही करें।

अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राज्य स्तरीय कोई मुद्दा होने और उसके निराकरण में कठिनाई होने पर उन्हें सीधे फोन पर बताया जाए। सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य शिकायतों का निराकरण भी समय पर हो, शिकायतों को लंबित न रखा जाए। जो अधिकारी लापरवाही बरते, उन्हें दंडित किया जाए। एसएन मिश्रा ने जिला कलेक्टरों और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर जिले का भ्रमण कर रात्रि विश्राम भी करें। भ्रमण के दौरान वे ग्रामीण क्षेत्रों में खेती बाड़ी, पशु पालन, पीडीएस, उर्जा, सिंचाई आदि की जानकारी भी प्राप्त करें। कोशिश की जाए कि भ्रमण आकस्मिक हो। अनुसूचित जाति- जनजाति के हॉस्टल का निरीक्षण भी अवश्य करें, ताकि उनकी व्यवस्थाएं दुरूस्त की जा सकें। जिलों में जाति प्रमाण पत्र और विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृति न रूके, इसका ध्यान रखा जाए। जो ट्रांस्फार्मर खराब अथवा जल गए है, उन्हें तत्काल बदला जाए। उन्होंने वन विभाग के एनएचआई संबंधी प्रकरणों की जानकारी ली तथा जल जीवन मिशन के कार्यों तथा खाद्य बीज व आयुषमान कार्ड वितरण व उपलब्धता की समीक्षा भी की। श्री मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार नामांकन सीमाकंन के प्रकरणों का स्थल पर जाकर निराकरण कराया जाए। बारिश के दौरान गौवंश सड़कों पर न बैठे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। गौवंश संरक्षण के संबंध में पशु पालकों को समझाइश दी जाए।

एसएन मिश्रा ने संभाग के जिला कलेक्टरों से कहा कि मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन हेतु इसी माह जून में बैठक आयोजित करें। अपने-अपने जिले की प्राथमिकता तय कर कार्य करें। सभी अधिकारी कर्मचारी शालीन व्यवहार करें। इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। श्री मिश्रा ने छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना के मेडिकल कॉलेजों के संबंध में भी जिला कलेक्टरों से चर्चा की। उन्होंने सीएम राइज स्कूल सहित सार्थक एप और जिलों में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा कर गति लाने के निर्देश भी दिए। केन-बेतवा लिंक परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्हांने कहा कि पाईप लाईन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई करके उन्हें छोड़ा न जाए, बल्कि बारिश के पूर्व ही उनकी मरम्मत करा दी जाए।

संभागायुक्त डा. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अपर मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि समीक्षा बैठक में जो भी निर्देश दिए गए है, उनका शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाएगा। डा. रावत ने जिला कलेक्टरों से कहा कि आज की बैठक में जो जानकारी दी गई है तथा जो निर्देश दिए गए है, उनकी अद्यतन जानकारी रखी जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव द्वारा विगत 27 दिसबंर 2023 एवं मुख्यमंत्री द्वारा 20 जनवरी 2024 को सागर संभाग की समीक्षा बैठक के प्रत्येक बिंदु की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सागर नगर निगम के आयुक्त राजकुमार खत्री सहित संभाग के जिलों के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम राइज मॉडल स्कूल बीना में मनाया गया प्रवेश उत्सव



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ सीएम राइज मॉडल स्कूल बीना में मनाया गया प्रवेश उत्सव दिनाक 18 जून दिन गुरुवार को सभी छात्रों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर एवं विशेष सत्कार किया गया समस्त स्टाफ मैं नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत किया बहुत से अभिभावक प्रवेश उत्सव में शामिल हुए बुधवार दिनाक 19 जून को क्क्लरूका आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता की स्कूल शिक्षा मंत्री के अभिभावक के नाम सन्देश का बाचन प्राचार्य के द्वारा किया गया ।सरपंच ने सभी छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिया छात्रों को पुस्तक वितरण किया। बोर्ड परीक्षा में टॉपर कक्षा 5वी कक्षा 8 वी और कक्षा 10 वी तथा कक्षा 12 वी के छात्रों का सम्मान किया गया इस अवसर पर सरपंच श्रीमान बलराम बुंदेला, रविंद्र राजपूत, अभिभावक गण एवं समस्त शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

# विश्वविद्यालय : शोधकर्ता डॉ. मिनी भारती अहिरवार का जापान में पोस्ट डॉक्टोरल फ़ेलोशिप के लिए चयन



परिहार गर्जना न्यूज। सागर / रसायनशास्त्र विभाग की पूर्व-शोधार्थी डॉ. मिनी भारती अहिरवार, पलेरा, टीकमगढ़ (म.प्र.) निवासी पिता, रामभरोसे अहिरवार, माता, सुमित्रा अहिरवार, का क्योटो विश्वविद्यालय, क्योटो, जापान में पोस्टडॉक्टोरल अध्ययन के लिए चयन हुआ है। हाल ही में डॉ. मिनी ने रसायन विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर, (म.प्र.) से पीएचडी की डिग्री, पर्यवेक्षक डॉ. मिलिंद एम. देशमुख (सहायक प्राध्यापक) के मार्गदर्शन में प्राप्त की। डॉ. मिनी भारती ने इस विश्वविद्यालय से 2017 में स्नातक, 2019 में स्नातकोत्तर, और 2023 में पीएचडी डिग्री प्राप्त की। इन्होंने अपने शोध कार्य को अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स जैसे कि 5 अमेरिकन केमिकल सोसायटी (ACS), 5 रॉयल सोसायटी ऑफ केमिस्ट्री (RSC), 5 वाइली (Wiley), और 1 जर्नलऑफ केमिकल साइंसेज(JCSC), (कुल 16) में प्रकाशित किया। डॉ. मिनी 27 जून, 2024 को जापान के लिए रवाना होंगी। उनके पोस्टडॉक्टरल अध्ययन के लिए विभागाध्यक्ष, पर्यवेक्षक, शिक्षकगण, परिजन, सहपाठियों एवं मित्रों ने बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दी।

# पेट्रोल पंप संचालक पर हुए प्राण घातक हमले के विरोध पेट्रोल पंप आज से रहेंगे बंद



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर के पेट्रोल पंप संचालक के ऊपर हुए हमले और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पेट्रोल पंप संगठन आज से अनिशचित कालीन हलताल पर चले गए है संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि 13/05/2024 को सागर जिला पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सचिव एवं मेसर्स सर्वश्रेष्ठ पेट्रोल पम्प सिरोंजा सागर के डीलर कमलेश लारिया पर अशोक तिवारी द्वारा जान बुझ कर फोरव्हीलर चढ़ा कर जान से मारने की कोशिश की गई जिसमें लारिया बेहद गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसमें पुलिस ने सी.सी.टी.वी. फुटेज को देखकर धारा 307 SC/ST एक्ट में मामला कायम किया है। आज दिनांक तक अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई। एसोसिएशन द्वारा 11/06/2024 को पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा था जिसमें ने तीन दिनों में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था परन्तु आज दिनांक तक ना ही अपराधी गिरफ्तार हुआ है ना ही प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही की गई है जिस कारण सागर जिले के पेट्रोल पम्प संचालकों में भयंकर रोष है। इसलिए आगामी 21/06/2024 सुबह 8 बजे से सागर जिले के समस्त पेट्रोल पम्प अनिश्चित काल के लिए बंद रहेंगे जब तक की अपराधी गिरफ्तार नहीं होता और प्रशासन उसकी सम्पत्तियों पर विधि सम्मत कार्यवाही नहीं करता है।

# नेशनल कम्पनी की बेच रहे थे नकली चद्दर पुलिस ने दो व्यापारियों के खिलाफ किया मामला दर्ज




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। कोतवाली थाना अंतर्गत वर्णी कॉलोनी में दो व्यापारी बेच रहे थे नेशनल कम्पनी की नकली चद्दर नेशनल कम्पनी मुंबई अधिकारी ई आई पी आर प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से शिकायत पर वर्णी कॉलोनी शुभ स्टील सेल्स और गुरुवर हार्डवेयर के यहां जांच की गई जहा पर शुभ स्टील सेल्स से 10 नग नेशनल कम्पनी की नकली चद्दर और गुरुवर हार्डवेयर से 15 नग नेशनल कम्पनी की नकली चद्दर बरामद की गई ।कोतवाली पुलिस ने दोनों व्यापारियों शुभ स्टील सेल्स के संचालक सुदीप जैन पिता धरम चंद जैन उम्र 61 वर्ष गुरुवर हार्डवेयर के संचालक विनोद कुमार जैन पिता सुरेश चंद जैन दोनो निवासी वर्णी कॉलोनी के खिलाफ आई पी सी की धारा 420 सहित 63,65 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

## टीकमगढ़-छतरपुर रेलवे ट्रैक पर बढ़ती घटनाएं, जांच में जुटी देहात थाना पुलिस



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। ललितपुर-खजुराहो रेलवे लाईन पर पड़ने वाले टीकमगढ़ स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। यहां आए दिन होने वाली घटनाओं को लेकर अटकलों का दौर जारी बना हुआ है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे यहां एक व्यक्ति का शव मिलने के बाद से सनसनी फैली हुई है। घटना दुर्गापुर गांव के पास की बताई जा रही है। जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने देहात थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा परिजनों से पूंछतांछ की जा रही है। थाना प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया कि दुर्गापुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके पर रवाना की गई। घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों से पूंछतांछ के बाद मृतक की पहचान कराई गई। इस दौरान मृतक की पहचान 35 वर्षीय राम मिलन पाल निवासी दुर्गापुर के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि ट्रेन से कटकर युवक का शव बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद मृतक के शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के परिजनों को बुलाकर पूंछतांछ की जा रही है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चला है। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा। मृतक का जिला अस्पताल में पीएम कराया जा रहा है। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# 3000 का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा स्थाई फरार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी



तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना बम्होरीकलाँ पुलिस द्वारा थाना बम्होरी कला के अपराध क्रमांक 96/15 धारा 379,109 भादवि एवं न्यायालय जतारा के प्रकरण क्रमांक 787/15 में स्थाई वारंटी 3000 रुपए के इनामी शंकर पिता कन्हैया लाल राजपूत को उसके ग्राम पतारी थाना बुडेरा से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्होरीकला, उनि अंकित दुबे थाना प्रभारी चंदेरा, आरक्षक अंकित थाना बुड़ेरा, राम प्रकाश, राजीव थाना बम्होरी कला, एनआरएस दिनेश थाना बुडेरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस ने किया नशा मुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन

## थाना क्षेत्रांतर्गत लोगों को दी गई नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नशीले पदार्थों के समाज में तेजी से बढ़ रहे उपयोग एवं उससे होने वाले दुष्प्रभावों तथा 26 जून 2024 को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस होने के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में 20 जून 24 से 26 जून 24 तक नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़




रोहित कशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से विशेषकर युवाओं, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं में तेजी से बढ़ती जा रही नशे की प्रवृत्ति के दुष्प्रभाव, उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है के बारे में जागरूक किया जा रहा है। नशे की प्रवृत्ति लोगों को अपराध घटित करने के लिए भी दुष्प्रेरित करती है। इसके अलावा नशे के अन्य दुष्प्रभावों के बारे में बताकर लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

# विजरावन में 21 जून से नौ दिवसीय विशाल धार्मिक अनुष्ठान-

## नवकुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन

टीकमगढ़। जिले की दिगौड़ा तहसील से 3 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम विजरावन में स्थित बरिया वाले हनुमान जी मंदिर पर समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से नव कुंडीय श्रीविष्णु महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा, रामलीला व नौ दिवसीय विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर 21 जून से 29 जून तक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। यज्ञाचार्य पंडित दिनेश रामसहाय अवस्थी जी महाराज निवासी विजरावन ने जानकारी देते हुए बताया है कि शुक्रवार 21 जून की सुबह 8 बजे से विजरावन के हनुमानजी मंदिर से 1100 कलश व श्रीफल लेकर भक्तगण अपने अपने वाहनों से श्रीरामराजा सरकार ओरछा धाम पहुचेंगे। जहां से कलशों में जल भरकर, भक्तों के द्वारा जल यात्रा निकाल कर विजरावन के हनुमान जी मंदिर में यज्ञ स्थल तक लाया जाएगा। श्रीविष्णु महायज्ञ सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कथा व्यास पंडित ब्रजेश कृष्ण जी महाराज की अमृतमयी वाणी से श्रीमद्भागवत कथा शाम 4 बजे से 7:30 बजे तक भक्तों को सुनाई जाएगी। रामलीला रात 8 बजे 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। 29 जून को यज्ञ पूर्णाहुति व विशाल भंडारे प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

# साइकिल दुकान पर पंक्चर के पैसों को लेकर हुआ विवाद

## 6 लड़कों ने की दुकानदार के साथ मारपीट, सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शहर के कलेक्ट्रेट रोड पर मंडी रोड के सामने साइकिल रिपेयरिंग की दुकान पर मारपीट का मामला सामने आया है। बुधवार को कोचिंग सेंटर से लौट रहे 6 से ज्यादा लड़कों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की घटना साइकिल के पंक्चर के पैसों को लेकर हुई। गुरुवार को घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। कोतवाली थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मंडी रोड के सामने साइकिल रिपेयरिंग की दुकान चला रहे आरिफ



खान ने बताया कि बुधवार दोपहर कुछ लड़के दुकान पर आए और साइकिल का पंक्चर बनवाया। रिपेयरिंग के बाद पैसों को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान लड़कों ने फोन लगाकर अपने दोस्तों को बुला लिया। इसके बाद करीब 6 लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी। घटना में आरिफ के सिर और हाथ पैर में चोट आई हैं। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। सीसीटीवी में मारपीट की घटना साफ तौर पर दिखाई दी। कोतवाली पुलिस ने दुकानदार के बयान दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

***लड़कों की पहचान करने में जुटी पुलिस-***

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लड़कों की पहचान की जा रही है। मारपीट करने वाले लड़के नाबालिग नजर आ रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# सट्टा अभियान को मिली बड़ी कामयाबी-

## सट्टा गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी, एक और गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा जुआ, सट्टा, ऑन लाइन सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों पर कार्यवाही करने हेतु




निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना दिगोड़ा के अपराध क्रमांक 163/24 धारा 4 क सट्टा एक्ट एवं 74 आईटी एक्ट में पूर्व में ताहिर अली जो ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने का काम करता था। पुलिस अभिरक्षा में लिया गया था, जिससे क्रिकेट का सट्टा खिलाने वाले गिरोह व सदस्यों के बारे में साक्ष्य एकत्रित किए गए। जिसमें उसके गिरोह के एक अन्य सदस्य राहुल शुक्ला को टीकमगढ़ से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

***जप्त एवं सीज मशरूका-***

आरोपी से एक इको स्पोर्ट कार लगभग कीमती 10 लाख रुपए, 01 मोबाइल कीमती लगभग 72 हजार रुपए एवं आरोपी के बैंक खातों में 11 लाख 11 हजार 203 रुपए फ्रीज कराए गए। कुल 21 लाख 83 हजार 203 रुपए कीमत की सामाग्री जप्त की गई।

***इनकी रही सराहनीय भूमिका-***

खरगापुर हाल टीकमगढ़ निवासी आरोपी राहुल शुक्ला पिता मुन्ना लाल शुक्ला उम्र 32 साल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। इस मामले का पर्दाफाश करने वाली टीम में जिन कर्मचारियों के नाम शामिल हैं, उनमें थाना प्रभारी दिगोड़ा निरीक्षक एमपी गोड़, उप निरीक्षक नीरज लोधी, उप निरीक्षक मयंक नगायच, प्रधान आरक्षक राकेश घोष, विजय घोष, रहमान खान, अनिल विश्वकर्मा आरक्षक अभय वर्मा, नीलू सिंह, अक्षय, अंकित सिंह, सुरेन्द्र, शैलेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

## स्कूल चले हम कार्यक्रम में निरंतर शिक्षा को बढ़ावा देने शासकीय कन्या विद्यालय पहुंची विधायक- निर्मला सप्रे



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/मध्य.प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतगत नवीन शिक्षा सत्र 2024 में शासन प्रशासन के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शासकीय स्कूल में बच्चों से मुलाकात एवं उत्साह वर्धन के तारतम्य में गुरुवार को बीना शहर के एक मात्र शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया श्रीमति निर्मला सप्रे विधायक बीना श्रीमति लता सकवार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद,नरेन्द्र ठाकुर पार्षद प्रताप वार्ड, श्रीमति मधुलिका यादव पार्षद, जितेन्द्र बोहरे वरिष्ठ भाजपा नेता, विजय हुरकट, राजाबाबू यादव शैलेश शाह विक्की राय आदि कार्यक्रम उपस्थित रहे ।

***अतिथियों ने छात्राओं पर फूलो बर्षा की***

सरस्वती पूजन सरस्वती गान एवं अतिथियों का स्वागत शाला श्री फल एवं शाला का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया ।विधायक श्रीमति निर्मला सप्रे एवं गौरव सिरोठिया श्रीमति लता सकवार ने छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें वितरित की ।

***भविष्य से भेंट में***

विधायक निर्मला सप्रे ने छात्राओं को संघर्ष से सफलता कैसे मिलती है स्वंय का उदाहरण दिया ।शाला के शिक्षकों शाला की व्यवस्थाओं की बधाई दी और कहा की बीना के विकास की शुरुआत शा,कन्या उ.मा.विधालय कि भवन निर्माण की शुरुआत होगी ।

श्री सिरोठिया ने कहा छात्र जीवन बहुत अमूल्य है नियमित विधालय में पढ़ाई करें मध्य.प्रदेश शासन बहुत सुविधाऐ दे रहा है ।आप सभी नगर का नाम रोशन करे साथ ही सभी छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति लता सकवार मेडम ने नये स्कूल सत्र की सभी की बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा की आप सभी को स्कूल एवं अपने घर के आसपास भी स्वच्छता का भी ध्यान रखना है ।के के जैन शिक्षक द्वारा शाला रुपरेखा पर चर्चा की कार्यक्रम में लगभग 225 उपस्थित रहीं छात्राऐ उपस्थित रहे रही प्राचार्य संजय साहू सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम शाला परिवार से व्ही पी प्रजापति, अजय सिंह ठाकुर, लोकेश जैन, राघवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, श्रीमति सरला मिश्रा, चेतना पाठक, पूर्ति पाठक, रितु ठाकुर, कमला साहू, आदि समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा ।

# भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारी बैठक का हुया आयोजन



**स्वप्निल गुप्ता**

परिहार गर्जना न्यूज। अजयगढ़–लोकसभा चुनावो में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदेश की सम्पूर्ण सीटो पर विजय प्राप्त करने के बाद पुन: संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ साथ संगठन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन को लेकर आज प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम की उपस्थित में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का प्रारंभ भारत माता व पार्टी के पित्र पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं में पुष्प अर्पित करके किया गया।इसके उपरांत आये हुय मुख्य अथिति सदानंद गौतम के द्वारा आने वाले दिनों में संगठन के द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमो पर चर्चा की गई उनके द्वारा बताया गया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस 23 जून से लेकर उनके बलिदान दिवस 6 जुलाई तक 卐माँ के नाम एक बृक्ष卐 कार्यक्रम का आयोजन मंडल के प्रत्येक बूथ पर किया जाना है।साथ ही 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लगाई गई एमरजेंसी के विरोध में काला दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।और 30 जून को चुनावो की आचार संहिता लगने के दौरान बंद हुए माननीय नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन मंडल स्तर किया जाना है।आज की बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा,महामंत्री धनंजय मिश्रा व राजेन्द्र खटीक,नगर परिसद अध्यक्ष सीता सरोज गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष शीलू श्रीवास्तव,वरिस्ठ कार्यकर्त्ता सुरेंद्र सिंह व जगदीश पाठक,पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता,किसान मोर्चा से प्रमोद सिंह,अवध तिवारी,संतु मिश्रा,राजेन्द्र तिवारी,संजय गुप्ता,मृगेंद्र गहरवार,बाबू सिंह चौहान,पुष्पेंद्र यादव, धर्मेंद्र राजपूत, रामबाबू, विजय पटेल,राजकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# विधानसभा में गूंजेगा एमसीबीयू के भ्रष्टाचार का मुद्दा

## सदर विधायक ललिता यादव ने कुलपति कुलसचिव की कार्यशैली पर उठाये सवाल

***छतरपुर। छतरपुर विधायक ललिता यादव ने महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमित तरीके से आउटसोर्स परामर्शी नियुक्तियों एवं क्रय की गई सामग्री में हुए भ्रष्टाचार के लिए कुलपति एवं कुलसचिव की कार्यशैली को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाए हैं।***

ज्ञात हो कि महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय अपनी स्थापना 2015 के साथ परीक्षा, सामग्री, निर्माण को लेकर हमेशा चर्चा में रहा है, कई बार विभिन्न छात्र इकाई कुलपति एवं कुलसचिव के भ्रष्टाचार के विरूद्ध आंदोलन कर चुके हैं। विश्वविद्यालय में एकेडमिक एवं अध्ययन अध्यापन कार्य न होने तथा छात्रों को परीक्षा में पानी तक की व्यवस्था न होने के आरोप लगाते रहे हैं। 2015 से लेकर 2024 तक विश्वविद्यालय को न तो यूजीसी से एक रूपया मिला है और न 12–बी कराया गया न नेक का निरीक्षण हुआ है जिस कारण विश्वविद्यालय का आडिट आज तक नहीं हुआ इसलिए कुलपति एवं कुलसचिव मनमाने तरीके से नियम विरूद्ध विश्वविद्यालय में जमा 100 करोड़ की राशि को खर्च करने में लगे हैं। एक समय महाराजा कॉलेज का पूरे प्रदेश में नाम था आज विश्वविद्यालय का भ्रष्टाचार में प्रदेश में नाम है।

***ललिता यादव ने विधानसभा में क्या प्रश्न उठाए?***

विधानसभा में छतरपुर विधायक ललिता यादव ने उच्च शिक्षा मंत्री से पूछा है कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की फीस व अन्य साधनों से प्राप्त आय को विश्वविद्यालय के अधिकारी बिना स्वीकृति के खर्च कर सकते हैं क्या? यदि खर्च नहीं कर सकते हैं तो इस पर क्या कार्यवाही होगी और प्रश्न दिनांक तक विश्वविद्यालय में इस तरह से कितनी राशि खर्च की गई।

एक अगले प्रश्न में उन्होंने पूछा कि विश्वविद्यालय में कितने शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पद पुर्नसंरचना आदेश के तहत स्वीकृत किए गए। एक अन्य प्रश्न में उन्होंने पूछा कि महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर में वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 में खेलकूद, युवा उत्सव, कबड्डी एवं दीक्षांत समारोह में कितनी राशि व्यय की गई। एक अन्य प्रश्न में उन्होंने पूछा कि विश्वविद्यालय में जुलाई 2023 से डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. केके गंगेले, डॉ. सीएल प्रजापति, डॉ. केपी अहिरवार व डॉ. अनिल साहू द्वारा प्रश्न दिनांक तक जैम पोर्टल से सीधे क्या–क्या सामग्री खरीदी गई। ललिता यादव के इन प्रश्नों से विश्वविद्यालय में हड़कंप मचा हुआ है।


## कार्यालय नगर परिषद पलेरा जिला टीकमगढ़ म0प्र0

क्र/लो.नि.वि./निविदा/2024–25/625 पलेरा दिनांक 20/06/2024

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई–रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_352275 21/06/2024 | वार्ड कमांक 14 में CC रोड एवं RCC नाली निर्माण कार्य। | 01 माह 525113/– | 2000/– 5251/– | 05/07/2024 |
| 2. | 2024_UAD_352278 21/06/2024 | वार्ड कमांक 15 में CC रोड एवं RCC नाली निर्माण कार्य। | 01 माह 823250/– | 2000/– 8232/– | 05/07/2024 |
| 3. | 2024_UAD_352279 21/06/2024 | नगर पलेरा में विभिन्न स्थानो पर इण्टर लॉकिंग टाइल लगाने का कार्य। | 01 माह 3016365/– | 5000/– 22623/– | 22/07/2024 |
| 4. | 2024_UAD_352280 21/06/2024 | वार्ड कमांक 13 में शीतला माता मन्दिर के पास वाउन्ड्री वॉल निर्माण कार्य। | 02 माह 3720209/– | 5000/– 27902/– | 22/07/2024 |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पलेरा
जिला टीकमगढ़ (म0प्र0)

# हम कछुये के समान निरंतर बिना रुके अपने लक्ष्य के लिये आगे बढ़ते रहें और सफल हों-पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी

## -पुलिस अधीक्षक ने अपने जीवन की कहानी सुनाकर सबको रोमांचित किया
## -कहा जीवन में कभी निराश मत होना, आत्म निर्भर बनना
## -कन्या हाई स्कूल अभाना को गोद लेने का निर्णय लिया







**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज दमोह 20 जून। यदि कोई महिला, कोई लड़की आर्थिक रूप से स्वतंत्र है, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है, तो उन्हें इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। आप सभी विद्यार्थियों का पहला लक्ष्य अपनी जिंदगी यही होना चाहिए, की आपको आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना है, किसी पर निर्भर नहीं रहना है। यह बात आज पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने शासकीय कन्या हाई स्कूल अभाना में आयोजित 卐 भविष्य से भेंट卐 कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर अर्चना जैन, सरपंच गोविंद सिंह, डॉक्टर आलोक सोनवलकर, थाना प्रभारी नोहटा अरविंद सिंह, श्रयांस जैन उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने विद्यार्थियों से कहा सभी को मौके मिलते हैं सभी के व्यक्तित्व और प्रतिभा के हिसाब से वे चाहे तो दुनिया पलट सकते हैं। हम सभी में अपार क्षमता है। मैं इस नौकरी में आया हूं मेरे ऑफिस में आधे से ज्यादा जो लोग मिलने आते हैं उनमें से सबसे ज्यादा महिलाएं होती हैं, वह किसी न किसी रूम में परेशान रहती है, उन्हें दिक्कत होती है, तो मैं हमेशा यही सोचता हूं मैं उनके लिए क्या एक्स्ट्रा मदद कर सकूं और मेरे दिमाग में केवल एक ही चींज आती है, वह यह है किअपने और अपने परिवार के ऊपर पैसे खर्च करने के लिए पैसे हो, यदि आप किसी को पैसे देना चाहे अपने परिवार में, अपने दोस्त, अपने पड़ोसी-रिश्तेदारों को उनकी मदद करने के लिए पैसे हो। पैसे की बात मैंने इसलिए की है क्योंकि समाज में सम्मानपूर्वक रहने के लिए कुछ पैसे होने ही चाहिए। इसलिये सभी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना है।

उन्होंने कहा शतरंज की कहानी में यह होता है की जो खिलाड़ी होता है उसका अपना अपना एक रोल होता है, यहां पर इतने सारे बच्चे बैठे हुए हैं कुछ बच्चे ज्यादा नंबर पाते हैं कुछ कम अंक पाते है, वे भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, इसके लिये आपको निराश नहीं होना है। आप लोगों को यह सोचने की जरूरत नहीं है स्कूल के किसी एग्जाम में आपके नंबर नहीं आ रहे हैं, तो आप किसी से कम है। सभी अलग-अलग कार्य के लिये बने है, इसलिये हमेशा आत्मविश्वास बनाये रखे, हम किसी से कम नहीं है। सभी विषय बराबर है, सवाल रूचि एवं चयन का है। उन्होंने कहा वर्तमान में मोबाईल ने हर विद्यार्थी को समान बना दिया है, दमोह और दिल्ली के विद्यार्थी अब समान है। एक किताब एक हजार किताब के बराबर है इसलिये सोने से पहले पढ़ने की आदत डालना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कछुआ और खरगोश की प्रेरक कहानी सुनाकर सभी को प्रेरणा दी कि हमें कछुआ बनना है, जिससे हम कछुये के समान निरंतर बिना रूके अपने लक्ष्य के लिये आगे बढ़ते रहे और सफल हो। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने अपने जीवन की कहानी सुनाकर, सबको रोमांचित किया ओर कहा कि जीवन में कभी निराश मत होना, आत्म निर्भर बनना। उन्होंने कन्या हाई स्कूल अभाना को गोद लेने का निर्णय लिया। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने कु भारती लोधी को साफा पहनाकर, आई कोन अवार्ड प्रदान किया। कार्यक्रम में कु. त्रिवेणी, कु. साक्षी, रंजीता, अंजली, नेहा रैकवार आदि को अच्छे अंक लाने पर पुरुस्कृत किया गया।


# सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार




परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। ग्राम नोहटा में आबिद खान सट्टा खिलाने संबंधी सूचना प्राप्त हुई सूचना की तस्दीक की गई जिसमें एक आरोपी एन सट्टा खिलाते पाया गया जिसके पास से 825 रुपए जप्त किए गए एवं पूछताछ पर सट्टा पर्ची चीनी उर्फ अभिषेक जैन को देना बताया गया जिसकी आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ सट्टा धारा 109 ipc के अंतर्गत कार्रवाई की गई उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविंद से asi माधव राय आर कुलदीप सोनी का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर श्री कोचर ने किसान भाईयो से कहा डी.ए.पी. (डाय अमोनियम फास्फेट) के विकल्प, करे उपयोग

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 20 जून। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा किसान बंधु परंपरागत डी.ए.पी. (डाय अमोनियम फास्फेट) का उपयोग करते है, जिसमें सिर्फ 2 पोषक तत्व नाईट्रोजन 18 प्रतिशत एवं फास्फोरस 46 प्रतिशत पाये जाते है, इसके और अधिक उपयोगी विकल्पो का कृषक बंधु उपयोग कर सकते है। जिसमें पहला पहला विकल्प नैनो डी.ए.पी. का है। नैनो डी.ए.पी. का उपयोग बीज उपचार के रूप में 1 किलो बीज में 5 एम.एल. नैनो डी.ए.पी. का उपयोग कर सकते है। 500 एम.एल की एक बॉटल 100 किलोग्राम बीज के लिए पर्याप्त है। इसके अच्छे परिणाम के लिए 30-35 दिन की फसल में 4 एम.एल. प्रति लीटर पानी के हिसाब से खड़ी फसल में छिड़काव कर सकते है।



उन्होंने बताया नैनो डी.ए.पी. के बहुत से लाभ है, ?नैनो डी.ए.पी. 600 रू. प्रति बॉटल आती है जबकी परंपरागत डी.ए.पी. 1350 रूपये की आती है, से सस्ती है। नैनो डी.ए.पी. मिट्टी, जल एवं वायु प्रदूषण में कमी आती है, भंडारण एवं परिवहन में सुविधा है, इसे आप एक बैग में भी रख सकते है, जैव सुरक्षित एवं पर्यावरण हितैषी भी है। इसके उपयोग से फसल उपज अच्छी होती है एवं गुणवत्ता में वृद्धि आती है।

उन्होंने बताया दूसरा विकल्प यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट का है। एक बोरी डी.ए.पी. के स्थान पर 20 किलो यूरिया एवं 3 बोरी एस.एस.पी. (सिंगल सुपर फास्फेट) का उपयोग कर सकते है। एस.एस.पी. में 3 तत्व पाए जाते है। फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 12.5 प्रतिशत एवं केल्सियम 21 प्रतिशत पाया जाता है। सल्फर दलहनी फसलों में प्रोटीन की मात्रा एवं तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा को बढ़ा देता है तथा केल्शियम से अमलीय मृदा का पी.एच. निर्यत्रित हो जाता है, जिससे मृदा की उर्वरता बढ़ जाती है और डी.ए.पी. से सस्ती भी है। एक बोरी लगभग 421 रूपये की है। 20 किलो यूरिया एवं 2 बोरी एस.एस.पी. (सिंगल सुपर फास्फेट) दोनो की कीमत डी.ए.पी. के लगभग बराबर है। तीसरा विकल्प एन.पी.के. (नाइट्रोजन फास्फोरस पोटाश) 12=32=16 का है। 1 बोरी डी.ए.पी. के स्थान पर एन.पी.के. (12=32=16) का उपयोग कर सकते है इसमें नईट्रोजन 12 प्रतिशत, फास्फोरस 32 प्रतिशत एवं पोटाश 16 प्रतिशत पाया जाता है। अधिकतर किसान पोटाश का उपयोग नहीं करते है। जबकि यह एक पौधे के लिए आवश्यक मुख्य पोषक तत्व है। उन्होंने बताया एन.पी.के. 12=32=16 के बहुत से लाभ है, जिनमें नईट्रोजन, फास्फोरस तथा पोटाश 3 मुख्यो पोषक तत्व प्राप्त हो जाते है। पोटाश के उपयोग से अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ जाती है, क्योंकि पोटाश फसलों में होने वाली रन्ध्रों के खुलने एवं बंद होने की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है, जिससे जल के साथ पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ जाता है। पोटाश के उपयोग से बीज की चमक बढ़ जाती है। पोटाश के उपयोग से पौधों में रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे फसलों में रोग कम लगते है तथा उत्पादन बढ़ जाता है।

चौथा विकल्प काम्पलेक्स 20=20=0=13 का है, इसमें नईट्रोजन 20 प्रतिशत, फास्फोरस 20 प्रतिशत तथा सल्फर 13 प्रतिशत पाया जाता है। सल्फ?र दलहनी फसलों में प्रोटीन एवं तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा को बढ़ा देता है। दलहनी एवं तिलहनी फसलों में इसका उपयोग करने से डी.ए.पी. की अपेक्षा अधिक लाभ प्राप्त होता है। इसकी एक बोरी का रेट 1200 रूपये है जो डी.ए.पी. से सस्ताक भी है।

अन्य विकल्पों के रूप में एन.पी.के. एवं काम्पलेक्स उर्वरक जैसे- 14=35=14, 10=26=26, 15=15=15, 16=16=16, 14=28=14 आदि एन.पी.के. उर्वरकों का उपयोग कृषक बंधु कर सकते है, जो डी.ए.पी. से अधिक उपयोगी है।

## मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के अंतर्गत 15 अगस्त तक की अवधि बंद ऋतु में मत्स्याखेट/परिवहन/विक्रय किया गया निषेध

दमोह = 20 जून। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले की समस्त मत्स्योद्योग सहकारी समितियों एवं मत्स्य पालकों से कहा है कि मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि बंद ऋतु में मत्स्याखेट/परिवहन/विक्रय निषेध किया गया है। मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग के अनुसार ग्रामीण तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नहीं है, और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने समस्त संबंधितों से कहा है उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाये। बंद ऋतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट/परिवहन/क्रय/विक्रय आदि करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसमें दोषी को 5000 रूपये जुर्माना या एक वर्ष का कारावास अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

## कलेक्टर श्री कोचर कर रहे योग करने अपील

दमोह = 20 जून। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के न्यायधीशगण, साहित्यकार, पत्रकार, डॉक्टर्स, महिलाएं-पुरूष, विद्यार्थी, युवा, किसान, श्रमिक, बुजुर्ग, गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधिगण, गुरुजन/शिक्षक/प्राध्यापक, व्यापारी-व्यवसायी, उद्यमी, थर्ड जेंडर, दिव्यांगजनों, सामाजिक संगठनो के सदस्य, अधिवक्तागण, रेल्वे, बैंक सहित अन्य सभी विभागो के अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस के साथीगणों आदि सभी से आग्रह किया हैं योग अवश्य करें। उन्होंने कहा आइए सब मिलकर करें योग आज 21 जून को प्रात= 6 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में योग जरूर करें।

# कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कछगवां में गुरुवार सुबह एक सिमको कंपनी के मैनेजर को अज्ञात लोगों ने चूने के भट्टे में डालकर जिंदा जलाया

## घटना के बाद क्षेत्र में मची खलबली, जानकारी लगते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस,मैनेजर की बॉडी के कुछ टुकड़े आए पुलिस के हाथ



**मनोज सिंह**

परिहार गर्जना कटनी -जिले के कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कछगवां से आज सुबह एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम कछगवां में मौजूद सिमको कंपनी के चुने भट्टे में वहीं काम करने वाले मैनेजर को अज्ञात लोगों ने भट्टे में डालकर जिंदा जला दिया सुबह जब लोगों को घटना की जानकारी लगी तो समूचे क्षेत्र में खलबली मच गई। यह बात जैसे ही क्षेत्र में फैली तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को अपने नियंत्रण में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। सूत्र बताते हैं कि भट्टे में जिंदा जलाए गए मैनेजर की लाश पूरी तरह राख हो चुकी है। भट्टे से जब मैनेजर के शव को बाहर निकाला गया तो पुलिस के हाथ मैनेजर की बॉडी के कुछ अंश भाग ही लगे बाकी सब कुछ जलकर खाक हो गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कछगवां में सिमकों कंपनी का चूना भट्टा मौजूद है। चूना भट्टा में समीपवर्ती ग्राम मुडेहरा निवासी 55 वर्षीय सम्मू विश्वकर्मा पिता सुंदरलाल विश्वकर्मा मैनेजर के तौर पर कार्यरत था। जिसे किसी कारणवश कुछ अज्ञात लोगों ने बीती देर रात उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जिंदा भट्टे में फेंक दिया। भट्टे में फेंकने के कारण सम्मु की बॉडी का लगभग आधे से अधिक हिस्सा जलकर राख हो गया है। भट्टे से जब उसके शव को बाहर निकाला गया तो पुलिस के हाथ उसकी बॉडी के कुछ अंश ही लगे। घटना के बाद कुठला पुलिस ने मामले को गंभीरता से देखते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

***डरकर भागे सभी मजदूर***

सूत्र बताते हैं की चुने भट्टे में हुई इस घटना के कारण वहां काम करने वाले मजदूर डर के कारण भाग खड़े हुए 55 वर्षीय मैनेजर की हत्या प्रेम प्रसंग के कारण किए जाने की आशंका जताई जा रही है। या फिर कोई अन्य वजह पुलिस मामले को गंभीरता से देखते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। सूत्रों ने बताया कि चूना भट्टा में हुई इस घटना के कारण वहां पर काम कर रहे मजदूर डर के कारण भाग गए। 55 वर्षी मैनेजर की हत्या प्रेम प्रसंग के कारण किए जाने की आशंका जताई जा रही है पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सारे पहलुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है इस मामले में आरोपियों के जल्द पकड़े जाने की संभावना जताई जा रही है।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहे मासूम अंशु बर्मन की निर्मम हत्या का मामला, आरोपी के घर चलाया जाए बुलडोजर

## कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन एवं माझी समाज ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन, विधायक संजय पाठक ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन

परिहार गर्जना कटनी -विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परसवारा खैरहाई निवासी 4 वर्षीय मासूम बालक अंशु बर्मन की ढाई महीने पहले की गई निर्मम हत्या की वारदात को लेकर कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन एवं माझी समाज जिला कटनी ने गुरूवार को विशाल रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहार महासंघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से की जाए, जिससे मासूम बालक और उसके परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके और आरोपी को फांसी की सजा मिले।



इसके अलावा इस हत्याकांड में आरोपी के परिवार के जो भी सदस्य सहयोगी हैं, उन्हें भी शामिल करते हुए सह अभियुक्त बनाया जाए। आरोपी ओमप्रकाश गौतम के घर पर बुलडोजर चलाया जाए। मृतक अंशु बर्मन नरेश बर्मन का इकलौता पुत्र था। आरोपी ने उसके घर का चिराग बुझा दिया है। पीड़ित परिवार को मप्र शासन द्वारा 1 करोड़ रुपया सहायता राशि प्रदान की जाए। घटना दिनांक के बाद से ही पीड़ित परिवार दहशत में है। परिवार को पुलिस सुरक्षा दी जाए। इसके पहले कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन एवं माझी समाज जिला कटनी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रैली दिव्यांचल मैरिज गार्डन से शुरू हुई। रैली में बड़ी संख्या में कटनी, विजयराघवगढ़, बरही, कैमोर सहित प्रदेश के दूसरे जिलों से आए हजारों की तादात में स्वाजातीय बंधुओं ने अंशू को न्याय दोज्की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। विदित हो कि विगत 10 अप्रैल को वर्षीय अबोध बालक ग्राम परसवाडा खैरहाई निवासी अंशु बर्मन की अपहरण के बाद ओम प्रकाश उर्फ राजा गौतम ने निर्मम हत्या कर दी थी।

***मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में-विधायक संजय पाठक***

रैली के कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय पाठक मैं यहां पहुंचकर कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना थी मुझे जब घटना की जानकारी लगी तो मैं तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस से कहा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया आरोपी अभी जेल में है मामला न्यायालय में है पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिले इसके लिए इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट से होना चाहिए जिससे आरोपी को इस अपराध की कठोर सजा मिले इस मांग का समर्थन करते हुए विधायक श्री पाठक ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

***इनकी रही उपस्थित***

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव अजय रैकवार, राष्ट्रीय सह सचिव नीरज रैकवार, प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल रैकवार, मांझी समाज के जिला अध्यक्ष महेश सोंधिया, नगर अध्यक्ष पत्रकार आशीष रैकवार, नगर परिषद विजयराघवगढ़ उपाध्यक्ष हरि ओम बर्मन, श्याम निषाद, सुरेश बर्मन बृजलाल रैकवार संजय रैकवार गोविंद प्रसाद रैकवार अजय बाबा जी संतोष बर्मन नारायण प्रसाद हेतराम बर्मन रजनी सिंह सावित्री बर्मन किरण बर्मन रवि कुमार वर्मा बाबूलाल रैकवार राजेश कुमार बर्मन भूपत रैकवार बारेलाल रैकवार अच्छे लाल बर्मन सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# माधव नगर थाना पुलिस ने दोहरे स्थाई वारंट में 7 वर्षों से फरार चल रहा स्थाई वारंटी को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

परिहार गर्जना कटनी -पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर एवम् स्टॉफ ने सात वर्षो से फरार चल रहे दोहरे स्थाई वारंटी को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। वर्ष 2013 में आरोपी धीरज चौधरी पिता जोगेन्द्र चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी अमीरगंज थाना माधवनगर जिला कटनी के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। जिसकी लगातार सुनवाई




माननीय न्यायालय श्रीकृष्ण बुखारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटनी के न्यायालय में चल रही थी। प्रकरण की सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण वर्ष 2017 में उक्त आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर दिया गया था जो लगातार फरार चल रहा था। जिसे थाना प्रभारी माधवनगर अनूप सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सुचना मिलने पर अपनी टीम के साथ 18 जून की दरम्यानी रात वारंटी धीरज चौधरी के निवास स्थान पर दबिष दी गई। वारंटी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे माधवनगर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसे अब जेल भेज दिया गया है। वारंटी की गिरफ्तारी में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर,आर. सुनोज दुबे,आर.भानु पाण्डेय की विशेष भूमिका रही।

# गर्भवती महिला को जिला अस्पताल से डॉ श्रद्धा द्विवेदी के निजी क्लीनिक में ले जाने वाली आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे की सेवाएं हुई समाप्त

## डॉ श्रद्धा द्विवेदी पर भी लटक रही कार्यवाही की तलवार, कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान खुद किया था गोरख धंधे का भंडाफोड़

परिहार गर्जना कटनी - कलेक्टर श्री प्रशाद हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के उपचार हेतु जिला अस्पताल में बने बर्थ वेटिंग रूम का औचक निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद के सामने जिला अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को आशा कार्यकर्ताओं और स्त्री रोग विशेषज्ञों के बीच बने कमीशनखोरी को कलेक्टर श्री प्रसाद ने बेनकाब किया था। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर देर रात तक अपर कलेक्टर, डिप्टी



कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर की टीम द्वारा गवाहों और पीड़ितो के बयान का सिलसिला निरंतर जारी रहा कलेक्टर स्वयं भी करीब 4 घंटे जिला चिकित्सालय में मौजूद रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद को यहां निरीक्षण के बाद जिला चिकित्सालय से ग्राम पड़रिया की गर्भवती महिला की अस्पताल की पर्ची कटने के उपरांत आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे द्वारा शासकीय जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ श्रद्धा द्विवेदी के निजी आवास पर सशुल्क परीक्षण कराने व प्राईवेट सेंटर से सशुल्क सोनोग्राफी करानें संबंधी मामला पता चला इस पर कलेक्टर ने शिकायत पर जांच हेतु समिति गठित की थी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे को कार्य से हटाने का आदेश जारी किया गया है। वहीं डा श्रद्धा को संभागायुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी किया हुआ है और विभागीय जांच भी जारी है। आगे इस मामले में अभी और भी कई लोगों पर कार्रवाई की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया है कि आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे द्वारा मरीज व परिजनों को सही सलाह न दिये जाने तथा बेवजह भटकाने की वजह से आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करने की शिकायत की गई थी। जिस पर आशा कार्यकर्ता को समक्ष मे सुनवाई का अवसर प्रदान किये जाने पर प्रस्तुत जवाब संतोष जनक नहीं पाए जाने के फल स्वरुप जांच समिति द्वारा दोष सिद्ध होना पाया गया आशा कार्यकर्ता द्वारा उक्त कृत्य को सोच समझकर करने तथा गर्भवती महिला एवं उसके परिवार जनों को भ्रमित कर आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने पर आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे ग्राम पड़रिया को तत्काल प्रभाव से कार्य से हटा दिया गया है डॉक्टर श्रद्धा द्विवेदी की भी चल रही विभागीय जांच आपको बता दें कि कलेक्टर श्री प्रसाद के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पताल में ले जाने का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर श्री प्रसाद सिविल सर्जन डॉक्टर यशवंत वर्मा को साथ लेकर खुद डॉक्टर श्रद्धा द्विवेदी के आवास के सामने पहुंचे थे और उन्होंने गर्भवती महिलाओं से हो रही ल रिजॉर्ट के लिए चल रहे डॉक्टरों और आशा कार्यकर्ताओं के इस गठजोड़ पर कड़ी नाराजगी जाहिर की उक्त मामले में प्राप्त शिकायत के आधार पर डॉक्टर श्रद्धा द्विवेदी के खिलाफ भी विभागीय जांच कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कराई जा रही है इस मामले में भी जल्द ही डॉक्टर श्रद्धा द्विवेदी के ऊपर कड़ी कार्यवाही होने की संभावना जताई जा रही है।

# विद्यार्थी जिज्ञासा को जीवंत, किताबों को दोस्त और ऊंचा लक्ष्य रखें- कलेक्टर

**-प्रश्न पूछने से कभी नहीं डरें, स्वयं को अपना दोस्त बनाएं**

**-कलेक्टर ने कहा अच्छे अचीवर्स बनने के लिए प्रैक्टिस के साथ लगन से पढ़ाई करना जरूरी**



छतरपुर, 20 जून। स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत 20 जून को कलेक्टर संदीप जी.आर. ने छतरपुर शहर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर स्कूली बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए मोटिवेट किया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने कक्षाओं में बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें उनके बेहतर कैरियर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा हम जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं उस फील्ड के सबसे बड़े पद को हासिल करने के लिए प्रयास करें और उसी का अपना लक्ष्य बनाए। उन्होंने कहा कुछ विषय समझने के लिए इंटरनेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा विद्यार्थी अपनी जिज्ञासा को हमेशा जीवंत बनाए रखें और किताबों को अपना दोस्त। साथ ही अच्छा अचीवर्स बनने के लिए नियमित प्रैक्टिस और लगन से पढ़ाई करना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा खुश रहकर पढ़ाई करें एवं अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और भोजन में हरी सब्जियां ज्यादा खाएं। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी दिनचर्या और उनके लक्ष्य के बारे में पूछा और प्रतिक्रिया ली। जिसमें बच्चों ने डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस, शिक्षक एवं इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की।

कलेक्टर ने बच्चों से स्कूल में शौचालय, खाना, पढ़ाई, पीने का पानी, पुस्तकें आदि सुविधाओं के बारे में पूछा जिसमें बच्चों ने सकारात्मक उत्तर दिए। उन्होंने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के पुराने पेपर सेट पढ़ने के लिए कहा। इस दौरान जिला शिक्षाधिकारी एम.के. कौटार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने स्कूल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुए अनावश्यक सामग्री डिस्पोज करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों को सभी पाठ्य पुस्तकें अतिशीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए। 20 जून को कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में अधिकारियों द्वारा कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाया गया।

# साइबर ठगों का कारनामा...

## पूर्व एसपी की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर मांगे जा रहे पैसे

छतरपुर। साइबर ठगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस अधिकारियों के नाम से ठगी करने में भी डर नहीं लग रहा। ताजा मामला छतरपुर शहर से सामने आया है, जहां के एक युवक से साइबर ठगों ने छतरपुर के पूर्व पुलिस अधीक्षक के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पैसे मांगे हैं। हालांकि युवक की जागरूकता के चलते वह ठगी का शिकार नहीं हुआ है। बाद में उक्त युवक ने साइबर ठगों से हुई बातचीत के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर डालकर साइबर ठगों के इस कारनामे को उजागर किया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक साइबर ठगों ने छतरपुर के पूर्व पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है और इसी आईडी से मैसेज डालकर पैसे मांगे जा रहे हैं। इसी क्रम में छतरपुर शहर के रहने वाले एक युवक के पास भी गुरुवार को मैसेज आया, जिसमें कुछ आवश्यक कार्य होने का हवाला देकर 27 हजार रुपए की मांग की गई। इतना ही नहीं ठग ने तुरंत ही अपनी बैंक डिटेल भेजकर जल्द से जल्द पैसे भेजने की बात कही थी, लेकिन संबंधित युवक जागरूक था और उसे पता चल गया था कि यह काम किसी साइबर ठग का है इसलिए वह ठगी का शिकार नहीं हुआ। बाद में उसने साइबर ठगों से हुई अपनी बातचीत के स्क्रीनशॉट वायरल करते हुए लोगों से जागरूक रहने की अपील की।

# ट्रेन के चालक एवं लोगों की सूझबूझ से बची महिला की जान

## ट्रेन के सामने आकर जान देना चाहती थी महिला

हरपालपुर। गुरूवार की सुबह करीब 9 बजे नगर के बरिया धाम मंदिर के पास रेल्वे लाइन पर उस वक्त तहलका मच गया जब एक महिला ने ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। बताया गया है कि महिला घरेलू कलह से त्रस्त होकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी लेकिन ट्रेन के चालक तथा मौके पर मौजूद लोगों की सूझबूझ के चलते उसकी जान बच गई है। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला की जान बचने के बाद स्टेशन प्रबंधक आरके मिश्रा की मौजूदगी में महिला से बात की तो महिला ने बताया कि वह महोबा जिले के अजनर थानांतर्गत आने वाले झन्ना-वीरान गांव की रहने वाली है। उसने आरोप लगाया कि उसके बच्चे और बहू उसके साथ मारपीट करते हैं। वह घर से दिल्ली जाने के लिए निकली थी लेकिन स्टेशन पर उसे गुस्सा आया जिसके बाद उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया। ट्रेन के चालक ने महिला को देख लिया था और ट्रेन की गति कम होने के कारण वह समय पर ट्रेन रोकने में कामयाब हो गया। हालांकि महिला के पास पहुंचती इससे पहले ही मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को पटरी से हटा लिया था और किसी भी तरह की चोट नहीं आई है।



# शराब के नशे में हंगामा करने वाला प्रधान आरक्षक निलंबित

छतरपुर। जिले के लवकुशनगर थाना में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक द्वारा गत रोज शराब के नशे में धुत्त होकर काफी हंगामा किया था, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रधान आरक्षक को निलंबित कर लिया गया है, साथ ही लवकुशनगर एसडीओपी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक लवकुशनगर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामसजीवन राजपूत किसी अन्य व्यक्ति के साथ कार में सवार होकर चंदला की ओर जा रहा था तभी रास्ते में उसकी कार एक अन्य वाहन से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई थी, इसी बीच शराब के नशे में धुत्त प्रधान आरक्षक रामसजीवन राजपूत कार से बाहर निकल आया। जब लोगों ने पुलिसकर्मी को शराब के नशे में बहस करते देखा तो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। बताया गया है कि प्रधान आरक्षक के साथ मौजूद दूसरा व्यक्ति घटना के वक्त कार चला रहा था और उसके बचाव में प्रधान आरक्षक द्वारा भीड़ से बहस की जा रही थी। बहरहाल जैसे ही यह मामला पुलिस अधीक्षक अगम जैन के संज्ञान में आया उन्होंने तत्काल प्रधान आरक्षक रामसजीवन राजपूत को निलंबित करते हुए, लवकुशनगर एसडीओपी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

# पिपट पुलिस ने विद्युत विभाग की सम्पत्ति चोरी का किया खुलासा

## आरोपियों से विद्युत ट्रांसफार्मर का तेल व घटना में प्रयुक्त उपकरण सहित मोटरसाइकिल जप्त

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर/अनुभाग अन्तर्गत थाना पिपट में दिनांक 19 जून 2024 को लाइन मैन हरिकेश यादव द्वारा ग्राम बम्होरी तिरहे के पास ग्राम में विद्युत सप्लाई के लिए ट्रांसफार्मर लगाया गया था, उस ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की रिपोर्ट पर थाना पिपट में की गई थी और चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश करने पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने शीघ्र ही चोरों की तलाश कर चोरी हुई संपत्ति की बरामदगी के निर्देश दिए थे।



जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी बिजावर शशांक जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिपट उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार एवं पुलिस टीम द्वारा संदेह के आधार पर संदेही

1. गोलू पिता परमानंद चौरसिया उम्र 19 साल निवासी पनागर
2. पप्पू पिता मिजाजी राजपूत उम्र 27 साल निवासी हटवाह

को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा एक अन्य आरोपी के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर के तेल को डीजल के रूप में बेच कर पैसे कमाने की नीयत से योजना बनाकर ग्राम बम्होरी के पास लगे ट्रांसफार्मर के बुश व बोल्ट तोड़कर सटक से ट्रांसफार्मर का तेल चुराकर ड्रम में भरकर तेल चोरी करना बताया है। आरोपी गोलू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल चार नग ट्रांसफार्मर के बोल्ट , रस्सी व 50 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल व दूसरे आरोपी पप्पू राजपूत से 60 लीटर विद्युत ट्रांसफार्मर तेल कुल कीमती करीबन 40,000/- की संपत्ति बरामद की गई है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। संबंधित अन्य आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। इस चोरी को पकड़ने में थाना प्रभारी पिपट वीरेंद्र कुमार, एएसआई सीताराम घोष, प्रधान आर. ज्ञान सिंह , आर. मयंक शुक्ला , आर.उमाशंकर, आर. राजेश मिश्रा, आर हरिओम की मुख्य भूमिका रही।

# घर के बाहर गड्ढा खोदाने को लेकर हुये विवाद में शिक्षक सहित दबंगों ने अधेड़ दम्पत्ति को पीटा

**शिक्षक की दबंगई के आगे नतमस्तक हुई पुलिस, पीड़ितों ने लगाई एसपी से गुहार**

छतरपुर। झुझारनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिद्धपुर निवासी पीड़ित गया प्रसाद अनुरागी पिता स्व. मातादीन अनुरागी ने एसपी कार्यालय मे आवेदन देते हुए आरोप लागते हुए बताया की घटना बीते दिन सुबह 8 बजे की है ज़ब वह दूध लेकर घर जा रहा था वारिश भी हो रही थी जैसे ही वह अपने घर के पास पहुंचा तो उसने देखा की उसका पड़ोसी दबंग सरकारी मास्टर रमाशंकर शिवहरे (उर्फ़ बउआ) उसके घर के दरवाजे के बाहर गड्ढा खोद रहा था ज़ब उसने उसका विरोध किया ओर गड्ढा खोदने से मना किया तो दबंग रमाशंकर शिवहरे ने जातिसुचक शब्दो से गंदी गंदी गालियां देते हुए उसे पकड़कर पटक दिया जिससे उसके हाथ पसली मे चोट आ गई दबंग उसे जूता उतारकर मारने लगे ज़ब उसने चिल्लाना शुरू किया तो उसकी पत्नी बीच बचाओ करने लगी इतने मे रमाशंकर के दो भाई मनोज शिवहरे,जयहिंद उर्फ़ छुटटू शिवहरे ओर उसका पिता जुगल किशोर शिवहरे दौड़कर आएं ओर सभी उसकी पत्नी कुसमा अनुरागी को पकड़कर घसीटकर मारने लगे तब उन्होने आवाज़ लगाई ओर अन्य पडोसी मोके पर आ गए जिससे वह लोग भाग खड़े हुए ज़ब पीड़ित मामले की शिकायत करने थाना जुझारनगर गए तब पुलिस ने उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी अब पीड़ितों ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।




**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321